**खबर संक्षेप**

### विश्व टीकाकरण सप्ताह 30 अप्रैल तक

**तामिया।** तामिया स्वास्थ्य केंद्र में विश्व टीकाकरण 20 अप्रैल से 30 तक 5 साल के बच्चों की सुरक्षा हेतु बच्चों को जानलेवा बीमारियों टीका की खुराक तामिया विकासखंड के समस्त आंगनबाड़ी केंद्र एवं में लगाये जा रहे हैं। विकासखंड चिकित्साअधिकारी ने क्षेत्र की सभी अपनी ग्राम पंचायत की आशा कार्यकर्ता आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्र पर जरूर लगवाये क्योंकि इस आशय की अपील विकासखंड चिकित्सा अधिकारी तामिया ने बच्चों के माता-पिता से टीका लगवाने की अपील की है।

### आज धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव का पर्व



**दमुआ।** आज समस्त भारतवर्ष में धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव का पर्व मनाया जाएगा जिसमें दमुआ नगर शहर में हनुमान जन्मोत्सव के के पावन पर्व पर प्रभु श्री राम व हनुमान जी की सुंदर-सुंदर झांकियां का नगर भ्रमण वह बाइक रैली निकली जाएगी व नगर शहर के मंदिरों में हमारे हनुमान मंदिर, श्री सिद्ध हनुमान टेकड़ी हनुमान दफाई ,हनुमान मंदिर पुराना दमुआ, श्री खेड़ापति मंदिर दमुआ ,भोले की मडिया मंदिर महाकालेश्वर मंदिर दमुआ, दमुआ नंबर 12 हनुमान मंदिर तीसरा टेक, हनुमान मंदिर अखाड़ा एवं समस्त मंदिरों में पूजन पाठ अनुष्ठान एवं भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें सभी भक्तजनों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करें ।

## युवती की घर में ही हो गई थी मौत, कोतवाली पुलिस कर रही मामले की जांच

# रॉयल चौक में युवती ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



शहर के रॉयल चौक क्षेत्र में रहने वाले एक युवती के आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। युवती ने अपने घर में दोनों हाथों की नस काट ली और सप्लास का सेवन भी कर लिया। इससे पहले की परिवार वाले उसे बचा पाते युवती की घर में ही मौत हो गई।

युवती दोपहर के दो बजे तक बिल्कुल सही सलामत थी। सोमवार को युवती का व्रत भी था। अचानक क्या बात हुई कि युवती ने इतना बड़ा कदम उठा लिया और उसके परिजनों को इस बारे में कुछ समझ ही नहीं आया। हादसे के बाद परिजन तत्काल युवती को जिला अस्पताल लेकर गए जहां युवती को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार रॉयल चौक निवासी छोटू यादव की 23 वर्षीय पुत्री पायल यादव रोजाना की तरह ठीक थी। सोमवार को व्रत भी रखा था। वह कपड़े की एक दुकान में सेल्स गर्ल भी थी। घर पर अकेली थी मां मोहल्ले में किसी के घर गई थी। पिता छोटू यादव भी काम पर चले गए थे।इस दौरान पायल ने घर पर अचानक ही अपने दोनों हाथों की नस काट ली और सल्फास भी खा लिया। जब उसकी मां घर लौटी तो उसकी हालत देखकर वह भयभीत हो गई। उसने रोने चिल्लाने पर लोगों को पता चला तो आसपास के लोग पहुंचे और पायल को तत्काल ही जिला चिकित्सालय ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने पायल को मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने पायल के घर का भी निरीक्षण किया और जांच भी की। पायल का मोबाइल जब्त कर लिया गया है। बताया गया है कि मोबाइल पर किसी से उसकी बात हुई थी इसके बाद उसने यह कदम उठाया था। मामला प्रेम प्रसंग का भी हो सकता है। फिलहाल उसके परिजन कुछ कहने की स्थिति में अभी नहीं है।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद पायल का शव परिजनों के हवाले कर दिया है। शाम को स्थानीय मोक्षधाम में उसका अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस का कहना है कि अभी मामला जांच में है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## झूठी शिकायत करने वालों पर कार्यवाही की मांग

### पूर्व उपसरपंच के विरूद्ध षडयंत्र के तहत शिकायत को लेकर एसपी को दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

गत 18 अप्रैल को ग्राम तिगांव में पूर्व उपसरपंच कैलाश जैस्वाल और मधुकर धांधल के विरूद्ध एक षडयंत्र के तहत पुलिस थाना में शिकायत देकर एस.सी.एस.टी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कराया गया है। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर झूठी शिकायत करनेवालों के खिलाफ कारवाई की मांग आज तिगांव से जिला पुलिस अधिक्षक कार्यालय में पधारे अनेक ग्रामीणों ने पुलिस अधिक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी से की। इस पर एसपी महोदय ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि किसी के साथ जादती नहीं होने दी जाएगी। इस प्रकरण की मै बारीकी से जांच कराऊंगा।

ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व सरपंच कैलाश जैस्वाल एवं मधुकर धांधल को झूठे मामले में फंसाकर बदनाम किए जाने का प्रयास किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में कोई वाद विवाद होता है तो उसे सुलझाने में हमेशा सहयोग प्रदान करनेवालों में इन दोनों के नाम शामिल है। इनके विरूद्ध झूठा मामला बनने के कारण ग्रामीण आहत है। ग्रामीणजनों के अनुसार कैलाश एवं मधुकर शिकायतकर्ताओं के साथ कोई वाद विवाद हुआ ही नहीं है।

ज्ञापन में शिकायतकर्ताओं के आपराधिक प्रवृत्ति का होने का उल्लेख करते हुए बताया गया कि परासिया और अन्य स्थान पर इनके विरूद्ध पुलिस थाना में पहले से ही प्रकरण कायम है।

ग्रामीणों ने मामले की जांच कर निर्दोष के खिलाफ की गई एफआयआर खारिज किए जाने की मांग करते हुए झूठी शिकायत करनेवालों पर कारवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दिए गए ज्ञापन में 100 से अधिक ग्रामीणों के हस्ताक्षर है।

## हर्षोल्लास से मनाया जाएगा श्रीहनुमान जन्मोत्सव

### शाम को निकलेगी श्री हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

प्रत्येक वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस अवसर पर आज 23 अप्रैल 2024, दिन मंगलवार को नगर के प्रमुख श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्रातः 5 बजे से श्री हनुमान जी का जन्म अभिषेक, हवन, पूजन एवं आरती होगी। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में दिनभर श्री राम नाम जाप एवं सुंदरकांड का पाठ होता रहेगा। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति ने श्री हनुमान जन्मोत्सव के इस कार्यक्रम में समस्त भक्तजनों से शामिल होने की अपील इसी है।

### महाकाल की नृत्य झांकी एवं ग्रामीण मंडली होंगे आकर्षण का केंद्र

श्री हनुमान जन्मोत्सव के इस पावन अवसर पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के द्वारा श्री हनुमानजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शाम 5 बजे से स्थानीय श्री संकटमोचन मंदिर से प्रारंभ होकर राम मंदिर, लोको, शिव मंदिर, सिनेमा रोड से होते हुए गांधी चौक, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पहुंचेगी। यहां से यह भव्य शोभायात्रा पुरानी बस्ती पहुंचकर वहां से वापस मंदिर लौट आएगी। जहां पर भगवान श्री हनुमानजी की महाआरती के उपरांत भंडारा का वितरण किया जाएगा। इस भव्य शोभायात्रा यात्रा में श्री महाकाल की नृत्य, झांकी एवं ग्रामीण मंडल का प्रदर्शन गौरतलब होगा।

## छिंदवाड़ा शहर में यातायात व परिवहन के संबंध में बैठक संपन्न

**छिंदवाड़ा।** अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा के कार्यालय में आज नगरपालिक निगम के कमिश्नर व कार्यपालन यंत्री और निरीक्षक यातायात पुलिस की उपस्थिति में छिंदवाड़ा शहर में यातायात व परिवहन के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सूचना के बाद भी ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों के उपस्थित नहीं होने पर भी तीन बिंदुओं पर सहमति बनने पर आवश्यक निर्णय लिये गये। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि बैठक में छिंदवाड़ा शहर में संचालित सभी ऑटो रिक्शा में नम्बरिंग की व्यवस्था यातायात पुलिस के माध्यम से करने का निर्णय लिया गया जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले अवैध ऑटो रिक्शा के संचालन को रोका जा सके। इसी प्रकार ऑटो रिक्शा के सभी दस्तावेजों जैसे परमिट, फिटनेस, पीयूसी, ड्रायविंग लायसेंस, बीमा आदि की निरंतर जांच करने का निर्णय लिया गया । साथ ही छिंदवाड़ा शहर में पूर्व में निर्धारित ऑटो स्टैंड के स्थलों पर ही ऑटो रिक्शा को अनिवार्य रूप से खड़ा कराये जाने का निर्णय लिया गया तथा जो ऑटो रिक्शा निर्धारित स्टैंड में खड़े नहीं होंगे, उन पर सख्त वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## मधुमक्खियों के हमले में एक की मौत, दूसरा घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

नगर से 15 किमी दूर वर्धा जलाशय का गेट खोलते समय मधुख्खियों की जोरदार हमले में मुंशीलाल मुखलाल निषाद (55) निवासी लखनऊ की मौत हो गई। इसका एक साथी मनोज भी मुधुमख्खियों के काटने से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के मृतक पिछले रविवार को अपने बेटे का विवाह समारोह संपन्न कर काम पर लौटा था। डॉक्टरों के अनुसार जलाशय के गेट पर मधुमख्व्यिं के जोरदार हमले में मृतक के शरीर में सैकडों डंक मारे जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया था। अस्पताल लाने के बाद उसे मृत घोषित किया गया।

उल्लेखनीय है कि 15 दिन पहले ग्राम जाटलापुर लिंगा के एक व्यक्ति पर भी मुधमख्खियों ने सामुहिक हमला कर दिया था। इस व्यक्ति ने अपनी जान बचाने के लिए कुंए में छलांग लगा दी थी, तब जाकर उसकी जान बच सकी।

## धूमधाम से मनाया महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

**सौंसर।** रविवार को जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव को जैन समुदाय द्वारा बड़े ही धूमधाम से मानाया गया।आयोजन में समाज बंधुओ द्वारा शहर में गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर नगर भर्मण किया। समाज के वरिष्ट नागरिक यूसी जैन द्वारा बताया की महावीर जन्मकल्याण महोत्सव पर प्रातः सुबह शोभायात्रा सिविल लाइन स्थित जैन मंदिर श्री1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई।जैन मंदिर से सिविल लाइन,भवानी माता मंदिर चौक, बस स्टैंड , विट्ठल मंदिर ,टॉकीज चौक होते हुए जैन मंदिर पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा में विशेष रूप महिलाएं पीली साड़ी और पुरुष सफेद कपड़े बच्चे नंगे पांव झंडे लेकर नजर आए। महावीर स्वामी के शुभ संदेश जियो और जीने दो सत्य अहिंसा प्यारा है यही हमारा न्यारा है जयघोष किया।जैन मंदिर में श्री महावीर स्वामी का दूध दही से अभिषेक पूजा अर्चन के बाद झूले में महावीर स्वामी बने बनाए छोटे बालक को झूला झुलाकर महिलाओं ने नृत्य किया गया। जन्म कल्याण महोत्सव के शुभ अवसर पर जैन मंदिर परिसर में विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए।



## रेमंड चौक में भीम आर्मी आजाद समाज ने मनाई भीम जयंती



**सौंसर।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन एवम आजाद समाज पार्टी पांडूर्णा यूनिट की और औद्योगिक क्षेत्र रेमंड चौक में भीम जयंती का आयोजन के साथ ही संगठन की मजबूती एवं बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। आजाद समाज पार्टी के कार्यालय में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती को बड़े ही उत्साह से मनाई गई। भीम आर्मी जिला अध्यक्ष अमित बंसोड़, आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष दीपक मोहबे की अध्यक्षता मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।आयोजन में पांडूर्णा जिले ओर सौसर गांवोकार्यकर्ताओं ने शामिल होकर अपने सुझाव दिए। आयोजन के दौरान भीम जयंती के अवसर पर बाबा साहब के मिशन को घर-घर तक पहुंचाने और समाज को एक सूत्र में बांधने का संकल्प भी लिया गया।इस दौरान आजाद समाज पार्टी जिला प्रभारी अरुण गजभिए, महासचिव,दीपक नागदवने, कैलाश सोमकुवर,उपस्थित थे। भीम आर्मी जिला अध्यक्ष अमित बंसोड़ ने भारतीय सविधान को कैसे बचाना है उसे बचाने के लिए जनता की क्या जिम्मेदारी उसके बारे जांनकारी दी।

## जंगली वन्य जीवों के कंठ की प्यास बुझाई समाजसेवी रिंकू चौरसिया ने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला छिंदवाड़ा में मानव सेवा, गौ सेवा, बेटी बचाओ एवं पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र उत्कृष्ट कार्यों में सदैव सजग रहने वाले जिले के सक्रिय समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया ने बताया अप्रैल की भीषण गर्मी के चलते लगातार तापमान का पारा ऊपर चढ़ते जा रहा है। सृष्टि के समस्त जीवों को इस वक्त पीने के पानी की सख्त आवश्यकता होती है।इस वर्ष गर्मी अपने चरम पर है. जंगलों में पानी के तालाब और बरसाती नाले सूख चुके हैं। जंगल में जंगली वन जीवों की प्यास बुझाने के लिए कोई माध्यम नहीं बचा है। जंगली वन्य जीव ऐसी अवस्था में अपने कंठ की प्यास बुझाने के लिए शहरों एवं गावों की ओर आने को आमादा होते हैं। जिससे वे इंसानों एवं कुत्तों के शिकार हो जाते हैं। रोड पर वाहनों से टकरा जाने से दुर्घटना होने पर उनकी मृत्यु तक हो जाती है। जंगली वन्य जीव हमारे लिए एक अमूल्य धरोहर है। इन्हें बचाना प्रत्येक भारतीय नागरिकों का नैतिक दायित्व धर्म है। हमारे जागते रहो ग्रुप खून का रिश्ता ग्रुप के माध्यम से हमने लगभग विगत 6 वर्ष पूर्व परासिया नर्सरी एवं कोसमी मंदिर के जंगल में दो विशालकाए कांक्रीट पानी के टैंकों को बनवाया है। जिसमें हमारे द्वारा प्रतिवर्ष भीषण गर्मी में जंगली वन्यजीवों की प्यास बुझाने के लिए पानी भरा जाता है।

## एक लाख रुपए के सिंगल यूज प्लास्टिक की हुई जप्ती एवं किए चालान

### निगम अमले ने की अमानक प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर बड़ी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर पालिक निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर सोमवार को निगम के स्वास्थ्य शाखा के दल ने शनिचरा बाजार में दविश देकर अमानक प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त किया। निगम द्वारा यह कार्यवाही शनिचरा एवं गाँधीगंज में की गई इस दौरान 2 दुकानदारों पर 5200 रुपए की चालानी कार्यवाही करते हुए लगभग एक लाख रुपए के अमानक सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त किया गया। कार्यवाही के दौरान आम नागरिकों तथा दुकानदारों को पुनः सिंगल यूज एवं अमानक प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा इसे विक्रय नही करने की समझाइश भी दी गयी। इस चालानी कार्यवाही में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री अनिल मालवी, श्री मंगेशराव पवार, श्री अरुण गढ़ेवाल, श्री रामवृक्ष यादव, श्री अनिल लोट, श्री आयुष्मान बेलसरे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त के निर्देश पर यह कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

## बीती रात चली आंधी में घर और दुकानों की उड़ी छतें

### 23 अप्रैल तक बारिश की बताई जा रही संभावना, बिजली बंद रहने से उपभोक्ता परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

जिले में मौसम विभाग ने रविवार को तेज हवाओं के साथ अलर्ट दिया था iइसके विपरीत दिनभर तेज तपन के साथ मौसम पूर्णतया शुष्क बना रहाi बीती रात तेज हवाएं मध्य रात्रि को चली एव जोरदार बादल गरजने के साथ बरसात भी हुई साथ ही तेज गति से चल रही हवा एवं उसके आसपास वहीं कई दुकानों के सेड भी तेज आंधी में ऊखडं गये इन तेज हवाओं का बड़े झाड की डालें तेज हवाओं का दवाव सहन नहीं कर पाई और हवा के दवाव में झाड़ से टूट कर अलग हो गई। बीती रात तेज आंधी में ब्लॉक कॉलोनी निवासी मोहन ऊइके के मकान की इस तेज हवा के कारण उनका घर छत विहीन हो गया वही सुनील साहू की दुकान का सेड पूरी तरह उड़ गयाi उन्हें भी इस तेज हवा के कारण छत उखाड़ने के कारण नुकसान उठाना पड़ा। बीती रात आई आंधी में कई छोटे-मोटे टपरे आंधी उड़ गये यह देखने मिलाi और अपने मकान के रूप में पूरी छतो के कारण नुकसान एवं परेशानी हुई वहीं बिजली रात भर बंद रही जिस कारण लोगों को परेशानी का तेज आंधी की वजह से सामना करना पड़ा।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव



**सिंगोड़ी:** सोमवार को तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय जी महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव पर विविध आयोजन प्रातः सुबह 7 बजे से भाव पूजा मंगल पाठ, ध्वजारोहण,बृहद मंदिर विधि संगीतमय,आरती,महावीर अष्टक स्त्रोत,बाल ब्रह्मचारी अमित भैया जी द्वारा भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात चंदन महाप्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर समाज के समस्त वयोवृद्ध, वरिष्ठ जन,माताएं बहने,युवा एवं बच्चे उपस्थित हुए।

## केक काटकर मनाया बाबा साहेब आम्बेडकर का जन्मदिन

# आंबेडकर जयंती पर नगर में निकाली गई भव्य रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



जय भीम सेना सामाजिक संगठन के तत्वाधान में डॉ भीम राव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई तामिया,चावलपानी ग्राम में 21 अप्रैल रविवार को संविधान निर्माता डा. आंबेडकर जी की 133 वी जयंती पर चावलपानी ग्राम में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बाबासाहब की जयंती पर आज केक काटकर जन्मदिन मनाया। वही नगर में भव्य रैली निकाली गई देश के संविधान निर्माता डा भीमराव आंबेडकर जी की 133वीं जयंती रविवार को पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई इस अवसर पर चावलपानी ग्राम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए बाबासाहब के अनुयायी उनकी तस्वीर, प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन जय भीम सेना सामाजिक संगठन एंव समस्त पदाधिकारी एंव सामिति ने व्यापक व्यवस्था की। इस कार्यक्रम में जय भीम सेना के तामिया ब्लॉक अध्यक्ष आकाश मंडराह, तामिया अंबेडकर जयंती समिति सदस्य विनोद देहरिया,सूरज सागरे जिला कार्यकारणी सदस्य ,हरीश सागरे तामिया ब्लाक उपाध्यक्ष, संतोष सागरे ( क्षेत्रीय अध्यक्ष) सहित, बाबा साहेव के अनुयायी मौजद रहे।

### सिंगोड़ी में मनाई आम्बेडकर जयंती

**सिंगोड़ी:** संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती के अवसर पर सिंगोड़ी बस स्टैंड के समीप अंबेडकर स्मारक समिति के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।समिति के आयोजको ने बताया कि मंगलवार शाम 4:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होना है जिसमें अमरवाड़ा सहित जिले भर से बाबा साहेब के अनुयाई एवं वक्ता यहां आएंगे तथा अंबेडकर जी की जीवनी में प्रकाश डालेंगे वही रात्रि में भोजन का भी विशेष इंतजाम किया गया है। वही समिति अध्यक्ष पवन बंसकार एवं सदस्यों ने सभी से कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अनुरोध किया है।

## सांसद नकुलनाथ करेंगे गदा पूजन, मारुति नंदन सेवा समिति के तत्वावधान में होंगे विविध कार्यक्रम

# आज वीर हनुमान के जन्मोत्सव पर होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मारुति नंदन सेवा समिति के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव पर दिव्य व भव्य आयोजन होंगे। सिद्ध सिमरिया धाम में विशेष पूजा अर्चना के साथ ही सुंदरकांड पाठ व भजनों की प्रस्तुतियां स्थानीय भजन मंडलों के कलाकारों के द्वारा दी जावेगी। स्थानीय छोटी बाजार स्थित नगर शक्तिपीठ बड़ी माता मंदिर, श्रीराम मंदिर व चौबे बाबा की पूजा अर्चना के साथ ही गदा पूजन का आयोजन होगा जिसमें जिले के सांसद हनुमान भक्त नकुलनाथ सम्मिलित होंगे। आज मारुति नंदन सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ ही समिति के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। अजर-अमर रामभक्त अष्ट सिद्धि नौ निधि के दाता परमवीर श्री हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन होगा। धर्मानुरागी सांसद नकुलनाथ कार्यक्रम में सम्मिलित होकर गदा पूजन कर संकट मोचन हनुमान जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। मारुति नंदन सेवा समिति के तत्वावधान में 23 अप्रैल दिन मंगलवार को हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

आयोजनों को लेकर मारुति नंदन सेवा समिति की ओर से कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर सम्पूर्ण तैयारियां कर ली गई है। मारुति नंदन सेवा समिति सिद्ध सिमरिया धाम के संयोजक आनंद बक्षी ने बताया कि दिनांक 23 अप्रैल दिन मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मारुति नंदन सेवा समिति के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। आयोजित कार्यक्रमों में जिले के सांसद नकुलनाथ भी सम्मिलित होंगे। प्रातः 9 बजे श्री राम मंदिर छोटी बाजार में संगीत रामायण मंडल के द्वारा सुंदरकांड पाठ किया जावेगा। प्रातः 11 बजे सांसद श्री नकुलनाथ छोटी बाजार में गदा पूजन करेंगे, तत्पश्चात वे सिमरिया धाम पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे। सिद्ध सिमरिया धाम में प्रातः काल से ही अभिषेक, हवन व पूजन के साथ ही धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला प्रारंभ होगा। प्रातः 9 बजे सुंदरकांड ग्रुप के द्वारा सुंदरकांड पाठ किया किया जायेगा साथ ही भजन मंडलों के द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी जावेगी।सांसद नकुलनाथ श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में दर्शन, पूजा, अर्चना व आरती कर सभी के लिये निरोगी काया व सुख शांति समृद्धि हेतु आशीर्वाद मांगेंगे। हनुमान जन्मोत्सव पर सांसद नकुलनाथ हनुमान जन्मोत्सव पर छोटी बाजार स्थित श्रीराम मंदिर व सिद्ध सिमरिया धाम पहुंचकर पूजा अर्चना कर जिला, प्रदेश व देश के लिये सुख, शांति व समृद्धि की कामना करेंगे साथ ही किसानों की खुशहाली व नौजवानों के बेहतर भविष्य के लिये संकट मोचन हनुमान जी महाराज से प्रार्थना की। सिद्ध सिमरिया धाम में महाप्रसादी का वितरण किया जावेगा। मारुति नंदन सेवा समिति ने सम्पूर्ण आयोजनों में जिले व नगर के श्रद्धालु जनों को आमंत्रित किया है।

# इंडो-नेपाल क्रिकेट कप पर भारत का कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

गत दिवस नेपाल में संपन्न इंडो-नेपाल सॉफ्ट क्रिकेट कप की तीनों मैच जीतकर सॉफ्ट क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया ने कप अपने नाम किया। भारत और नेपाल के बीच हुई क्रिकेट सीरिज जिताने में पांढुर्ना के होनहार खिलाडी प्रीत वासुदेव महाले और यश स्नेहल तावरे का सराहनीय योगदान रहा। प्रीत ने तीनों मैच में कुल 6 विकेट लेकर अपना लोहा मनवाय। पहली मैच में भारत की ओर से बने कुल 27 रनों में 17 और दूसरी मैच में भारत की ओर से बने कुल 42 रनों में से 18 रन यश ने बनाए। पांढुर्ना जिले के इन दोनों युवा खिलाडियों ने अपने शहर का नाम दूर दूर तक रोशन कर दिया है जिसे लेकर शहरभर में इनकी सराहना की जा रही है। पूरी सिरीज के दौरान कप्तान अनुपम गुजरे ने भी तनावपूर्ण परिस्थितियों में सही और सटीक निर्णय लेकर गुणवत्तापूर्ण कप्तानी का परिचय दिया। इंडो-नेपाल क्रिकेट कप की यह तीनों मैच नेपाल के पोखरा पर्यटन स्थल स्थित सैनिक आवासीय महाविद्यालय के मैदान में हुए। यह कप पोखरा क्रिकेट अकादमी और सॉफ्ट क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में हुआ।

# राहगीरों और गदा पद यात्रा वालों को निःशुल्क बांटी छाछ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोन्नति सभा द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी गौशाला द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आम राहगीरों को भीषण गर्मी से बचाने हेतु निःशुल्क छाछ सेवा प्रारंभ की गई है। श्री योग वेदांत सेवा समिति के साधक प्रतिवर्ष गर्मी के दिनों में बस स्टैंड पर प्रति रविवार छाछ का स्टॉल लगाकर आम लोगों को बड़ी श्रद्धा भाव से बुला बुलाकर छाछ का सेवन करवातें हैं। छाछ की आयुर्वेद में बड़ी भारी महिमा है। छाछ एक औषधि पेय है। छाछ के सेवन से पेट के अनगिनत रोगों से छुटकारा मिलता हैं साथ ही भीषण गर्मी से राहत भी। साधकगण छाछ बनाने हेतु देशी गाय का ही दूध उपयोग में लाते हैं। समस्त जिलेवासियों को इस सेवा का वर्ष भर इंतजार रहता है। यह सेवा गर्मी के अंत तक जारी रहेगी। रुद्र आत्यमक हनुमान सेवा समिति द्वारा रास्ट्रीय कथा वाचक श्री श्री राकेशानन्द जी महाराज के सानिध्य में गदापद यात्रा निकाली गई जो देश के सैनिकों और पुलिस जवानों के दीर्घायु के लिए है इन सब हनुमान भक्तो के लिए भी छाछ की व्यवस्था की गई। इस सेवा से लगभग 5 हजार लोग लाभान्वित हुए। इस दैवीय कार्य में साध्वी नीलू बहन, खजरी गौशाला के संचालक जयराम भाई, समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, गुरुकुल की संचालक दर्शना खट्टर, युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े, शंकर लाल झामनानी, ओमप्रकाश डहेरिया, अश्विन पटेल, सुजीत सूर्यवंशी, सुभाष इंग्ले हरिओम सूर्यवंशी, भूपेश पहाड़े, महिला समिति से कविता झामनानी, डॉ. मीरा पराड़कर, छाया सूर्यवंशी, करुणेश पाल, शकुंतला कराडे, कृष्णि राठौर वर्षा आहूजा आदि ने सेवाएं दी।

# कलेक्टर और एसपी ने किया ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिन्दवाड़ा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा आज शासकीय पी.जी.कॉलेज छिन्दवाड़ा में बनाये गये ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.सी.बोपचे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर भी साथ में थी। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार ईव्हीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिये तीन लेयर सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। प्रथम लेयर की सुरक्षा में जिला पुलिस फोर्स, द्वितीय लेयर सुरक्षा में स्टेट आर्म्ड फोर्स और तृतीय लेयर की सुरक्षा में पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात किये गये हैं। साथ ही सीसीटीव्ही कैमरे से 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

# जन अभियान परिषद ने जल संरक्षण विषय किया परिचर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जल है तो कल है, जल ही जीवन है जैसे श्लोगन को सार्थक करते हुए जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा सीएमसीएलडीपी की क्लास आई पी एस कॉलेज में रविवार को संचालित की गई जिसको जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में परामर्शदाता समाजसेवी विनोद तिवारी ,श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू की उपस्थिति में सभी बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट के बीच जल संरक्षण विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई एवम सभी को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन ने जल संरक्षण के उपाय बताते हुए जल है तो कल है की महत्ता बताई। परामर्शदाता विनोद तिवारी ने कहा की हम सभी कल संरक्षण के लिए अपने अपने प्रयोग शाला ग्रामों में घरों घर दस्तक देकर जल संरक्षण का संदेश देगे साथ ही जल यात्राओं के माध्यम से जल चेतना की बात कही।श्रीमती लता नागले ने परिचर्चा में सभी को प्राकृतिक जल स्त्रोत के संरक्षण के उपाय बताए साथ ही दूषित जल को स्वच्छ करने के उपाय बताए।श्रीमती तृप्ति सिंह ने सार्वजनिक स्थलों पर लगे नलों में टोटीया के अभाव में बहते पानी का संरक्षण की बात कही साथ ही किचन गार्डन के कारण जल के सदुप्रयोग के तरीके बताए।परामर्शदाता जय प्रकाश सूर्यवंशी एवम आशीष साहू ने बरसात के पानी रोकने एवम वाटर हार्वेस्टिंग से जल को भू गर्व में पहुंचाने को कहा।इस अवसर पर सभी बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ने जल ही जीवन है ,जल है तो कल है विषय पर नुक्कड़ नाटक से जल संरक्षण के उपाय बताए साथ ही बच्चो ने जल संरक्षण के गीत से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाई।कार्यक्रम के अंत में सभी ने जल संरक्षण की शपथ ली।

# डिब्बे में कैद मशीन, सोनोग्राफी के लिए बालाघाट जा रही गर्भवती महिलाएं

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मुख्यालय के वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी में करीब दो माह से सोनोग्राफी मशीन आई है. मगर, यह मशीन अब उद्‌घाटन का इंतजार कर रही है. विधायक गौरव सिंह पारधी का दावा है कि उनके प्रयासों से अस्पताल को यह मशीन मिली है और वह इस बात का जिक्र बकायदा कई बार बीते दिनों चुनावी सभाओं में कर चुके है. मगर, इस मशीन को अब तक अस्पताल में इंस्टॉलेशन नहीं किया गया है. जिस कारण कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को 50 से 100 किमी. दूर बालाघाट सोनोग्राफी के लिए जाना पड़ रहा है. जिसमें महिलाओं को मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सूत्रों की माने तो विधायक गौरव सिंह पारधी मशीन का उद्‌घाटन करना चाहते है. जिस वजह से मशीन का अस्पताल में इंस्टाल नहीं किया गया है. हालांकि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज दुबे बताते है कि मशीन इंस्टॉल करने के लिए अब तक इंजीनियर नहीं आए है. अब हकीकत क्या है यह कह पाना जरा मुश्किल है।

आपको बता दें कि अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन आने को ही थी परंतु विधायक गौरव सिंह पारधी गांव-गांव में यह बोल रहे थे अस्पताल में मशीन आ चुकी है और जब मशीन अस्पताल पहुंची तो विधायक के हवाले से अखबारों में खबरें प्रकाशित हुई कि अब क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधाएं मिलेगी. जिसके बाद बड़ी संख्या में कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की गर्भवती महिलाएं इस सुविधा का लाभ लेने के लिए अस्पताल पहुंचने लगी. जिन्हें अस्पताल पहुंचकर निराशा ही मिली. जबकि इसके बावजूद



विधायक चुनावी सभाओं में बार-बार सोनोग्राफी मशीन अस्पताल को उपलब्ध कराने का दावा करते हुए वोट मांगते हुए नजर आए. जैसा कि सभी जानते है कि सोनोग्राफी मशीन का उपयोग गर्भावस्था में गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए किया जाता है।

कटंगी अस्पताल में जब यह मशीन नहीं थी तब तो गर्भवती महिलाओं को बालाघाट जाना समझ आता था लेकिन आज जब मशीन अस्पताल में है. मगर, उद्‌घाटन का राह देख रही है कि यह समझ से परे है. जैसा कि सूत्र बताते है कि विधायक चाहते है कि उनके हाथों मशीन का उद्‌घाटन हो और इसके बाद क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को इसका फायदा मिले तो यह कतई उचित नहीं है. अगर वाकई में ऐसा है तो यह अशोभनीय है. आपकों बता दें कि कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को वर्तमान समय में सोनोग्राफी के लिए बालाघाट जाना पड़ रहा है. जिला अस्पताल में कई बार सोनोग्राफी के लिए चक्कर काटने के बाद भी सोनोग्राफी नहीं हो पाती. ऐसे में महिलाएं निजी सेंटरों पर महंगे दामों में सोनोग्राफी कराने को मजबूर हैं. वहीं निजी सेंटरों की चांदी हो रही है. जबकि इन निजी सेंटरों की सोनोग्राफी रिपोर्ट को सरकारी अस्पताल के चिकित्सक सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करते समय मान्य नहीं करते।

# पेड़ काट रहे तीन भाईयों पर गिरी आकाशीय बिजली, दो भाईयों की मौत, एक सुरक्षित



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले में बीते रविवार की रात से मौसम खराब है, जिले में गरज-चमक के साथ बारिश हो रही हैं, ऐसे में लांजी से एक बड़ी और दुखद खबर यह है कि खेत में पेड़ काट रहे तीन भाईयों पर आकाशीय बिजली गिरने से दो भाईयों (मंझले और छोटे) भाई की मौत हो गई। जबकि बड़ा भाई घायल हो गया है।

घटना लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत वारी की है, जहां खेत में पेड़ काट रहे तीन भाईयों में दो भाईयों मंझला 23 वर्षीय शिवलाल पिता कासिबलाल पांचे और छोटा 21 वर्षीय निलेश पिता कासिबलाल पांचे की मौत हो गई। जबकि बड़ा भाई संतोष पिता कासिबलाल पांचे झुलस गया है।

**15 दिन में ही उजड़ गया विवाहिता का सुहागः** इस घटना में दर्दभरी दास्तां यह है कि शिवलाल का 15 दिनों पहले ही विवाह हुआ था। पूरे परिवार ने शिवलाल के विवाह की खुशी मनाई थी। नवविवाहिता भी शिवलाल के साथ खुश थी, लेकिन 15 दिनों बाद ही प्राकृतिक हादसे में उसका सुहाग उजाड़ दिया। घर के दो बेटो की मौत से ना केवल परिवार बल्कि पूरे गांव में भी गम का माहौल है।

**पेड़ काटने गए थे तीनो भाई, मुझे नहीं पता कैसे हुई घटनाः** घायल संतोष और उसके मामा की मानें तो घर की जलाऊ लकड़ी के लिए खेत में लगा पलशे का पेड़ काटने गए थे। इसी दौरान एकाएक आकाशीय बिजली गिरने से तीनो बेहोश हो गए। जिसमें संतोष को होश आने पर उसने मोबाईल लगाकर घटना की सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन, तीनो को लेकर निजी वाहन से जिला चिकित्सालय पहुंचे। हालांकि घायल संतोष का कहना है कि घटना कैसे हुई, यह उसे नहीं पता।

**चिकित्सक ने किया मृत घोषितः** निजी वाहन से जब तीनों भाईयों को लांजी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया तो यहां चिकित्सक ने शिवलाल और निलेश को देखकर उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि संतोष की हालत अभी ठीक है। घटना में घायल दोनो ही मृतकों के शव को पुलिस ने बरामद कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं बीएमओ प्रदीप गेडाम ने बताया कि अभी शव को सुरक्षित मचुरी में रखवा दिया गया है। पुलिस के निर्देशानुसार पीएम कराया जाएगा।

# मोटर सायकिल की भिड़ंत में 6 घायल, थम नहीं रहा सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी क्षेत्र में यातायात नियमों का माखौल उड़ाते वाहनों पर अंकुश नहीं लग पाने के कारण, सड़क दुर्घटनाओ का सिलसिला बदस्तूर जारी है। सोमवार को लांजी के कोटेश्वर मार्ग में दो मोटर सायकिल की भिड़ंत में 06 लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचारार्थ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।



बताया जाता है कि कनेरी निवासी एक ही परिवार के तीन सदस्य 29 वर्षीय देवेन्द्र पिता लचन सोनवाने, 40 वर्षीय अकील पिता दशरथ सोनवाने और 28 वर्षीय प्रकाश पिता लचन सोनवाने, काशीटोला से लांजी की ओर आ रहे थे। जबकि दूसरी मोटर सायकिल में 22 वर्षीय राहुल पिता घनश्याम चौधरी, 21 वर्षीय युवती जागृति सांडे और एक अन्य युवती सवार थी। जो लांजी से कोटेश्वर की ओर जा रहे थे। तभी इंडियन गैस गोदाम के सामने दोनों मोटर सायकिल एमपी 50 एमडब्ल्यु 1153 और एमपी 50 एमपी 5746 दोनों वाहन आपस में टकरा गए। टक्कर कितनी जबरदस्त थी, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पल्सर वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी लगते ही डायल 100 तथा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। जहां से घायलों को डायल 100 और पुलिस वाहन से अस्पताल लाया गया। जहां इनका उपचार चल रहा है।

## बाईक रैली निकाल कर मरीजों को किया फल वितरण

# महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभा यात्रा

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** 24 वें तीर्थंकर वर्तमान शासननायक श्री वर्धमान महावीर स्वामी भगवान की 2623 वें जन्मकल्याणक महोत्सव महावीर जयंती के अवसर पर श्री दिगम्बर जैन मंदिर वारासिवनी में 2 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्रथम दिवस 20 अप्रैल 24 को रात्रि में भगवान महावीर के भजन संध्या, बच्चों के लिए अहिंसा पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता रखी गयी।



21 अप्रैल द्वितीय दिवस प्रातः मन्दिर जी के मूल नायक बड़े बाबा महावीर भगवान का महामस्तकाभिषेक समाज के श्रावकों द्वारा किया गया। इसके बाद दिगंबर जैन मंदिर से शोभा यात्रा प्रारंभ की गई। इस दौरान रजत पालकी में महावीर स्वामी की प्रतिमा को रखकर जैन धर्मावलंबियों द्वारा उसे अपने कंधों पर रख कर नगर का भ्रमण किया गया।

यह शोभायात्रा दिगम्बर जैन मंदिर से निकल कर गोलीबार चौक, अम्बेडकर चौक, नेहरू चौक, जय स्तम्भ चौक होते हुए वापस दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। शोभायात्रा के दौरान विधायक विवेक पटेल ने 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद ग्रहण किया और सभी को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिगम्बर व श्वेतांबर जैन समाज के महिला पुरुष भी उपस्थित रहे।

जैन मंदिर में शोभायात्रा के पहुंचने के बाद पूजा अर्चना, प्रवचन, व्रत, अभिषेक, शांति धारा सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला.पुरुषों ने भाग लिया। शाम को विशाल वाहन प्रभावना रैली के माध्यम से भगवान महावीर की शिक्षाओं हिंसा का त्याग, अहिंसा का महत्व और प्रभाव, जियो और जीने दो का प्रचार प्रसार नगर के सभी प्रमुख मार्गों पर समाज के महिला मण्डल, सखी मण्डल, नवयुवक मण्डल, संयम मण्डल द्वारा किया गया। नगर के शासकीय चिकित्सालय में इस अवसर पर मरीजों को फल वितरण किया गया। रात्रि में मन्दिर जी में भगवान महावीर के जीवन पर विविध सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। शोभायात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर शीतल पेय व शरबत का वितरण शोभा यात्रा में शामिल लोगों को किया गया। वहीं शाम 5 बजे से 7 बजे तक दादाबाड़ी के सामने श्वेतांबर जैन समाज की ओर से युवाओं ने भंडारे का आयोजन किया गया। जिसका लाभ हजारों लोगों द्वारा उठाया गया।

# जियोलाजिकल एशोसिएशन एण्ड रिसर्च सेन्टर में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** विश्व पृथ्वी दिवस 2024 के अवसर पर जीएआरसी (जियोलाजिकल एशोसिएशन एण्ड रिसर्च सेन्टर बालाघाट) में पृथ्वी दिवस की थीम प्लैनेट वर्सिज प्लास्टिक विषय पर चर्चा की गई। थीम का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करना और उसके ऑप्शन की तलास पर जोर देना है। उपरोक्त विषय पर जीएआरसी बालाघाट के संग्रहालय में एक संगोष्ठी रखी गई जिसमें अलग-अलग प्रकार के विचार रखे गये। कार्यक्रम में जीएआरसी के सचिव डॉ. संतोष सक्सेना ने अपने विचार रखते हुए कहा कि विशेषकर प्लास्टिक के थैले हमारे जीवन में इतने ज्यादा आ गए है कि उनसे निजात पाना असंभव सा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि इसका व्यवहारिक पहलू यह होगा कि केवल 40 माइक्रोन से अधिक के थैला का ही उपयोग हो। मूल समस्या इन थैलो का निपटारा कैसे करना है। इसका प्रबधंन करना आवश्यक है जिसके लिए कई सुझाव दि गए। डॉ. एमएन बापट के द्वारा सुझाया गया कि प्रत्येक मोहल्ले में इन थैलो को घर-घर से एकत्रित किया जाए। वहीं अनिल शुक्ला ने जल के महत्व को महत्वपूर्ण बताते हुए प्लास्टिक के बारे में अपने विचार दिए। कार्यक्रम में डॉ. विरेन्द्र सिंह गहरवार(अध्ययक्ष, पुरातत्व संग्रहालय एवं शोध संस्थान बालाघाट), गजानन सिंह नगपुरे, प्रवीण कुमार जैन (समाज सेवी जयपुर),मनिष इनवाती, अखिलेश कुमार पटले एवं सीएम राइस स्कूल के छात्र एवं छात्रा भी उपस्थित हुए।



# बारिश ने बदली करवट, असमय बारिश और ओलावृष्टि होने से किसानों की बढ़ी चिंताएं

**केवलारी नगर व उससे जुड़े आसपास के ग्रामों में सोमवार को दोपहर के समय अचानक मौसम में बदलाव आ गया. तेज आंधी तूफान के साथ अतिवृष्टि और ओलावृष्टि हुई, जिससे लोगों में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

कृषि पर निर्भर रहने वाले के वलारी विकासखंड से जुड़े ग्रामों में अचानक बारिश होने से किसानों के सामने मुश्किलें उत्पन्न हो गई है। यहां कुछ दिनों पहले ही ओलावृष्टि और तेज बारिश हुई थी और बहुत से किसानों की फसलों को क्षति हो गई थी। शासन व जिला कलेक्टर के निर्देश पर कृषि, पंचायत व राजस्व विभाग की टीम ने तथास्थ सर्वे का कार्य किया था की पुनः उत्पन्न हुई इस स्थिति से किसानों की फसल कटाई में व्यवधान पैदा हो गया है। किसानों की बहुत सी फसल पूर्व में हुई अतिवृष्टि से चौपट हो चुकी थी बची कूची किसानो की फसल कटाई की और थी इस बीच वर्षा होने से फसल के चोपट होने की स्थिति बन गई है। शासन प्रशासन से आम जनता और किसानों द्वारा आग्रह किया गया है की क्षति हुई फसल का सर्वे किया जाकर निष्पक्ष मुआवजा दिलाए जाने की उचित कार्यवाही की जावे।

# पेंच टाइगर रिजर्व में जब 4 नन्हे मुन्ने शावक बाघिन मां के साथ निकले गश्त पर, लुभाया पर्यटकों का मन

**सिवनी में सतपुड़ा की रेंज में पेंच टाइगर रिजर्व बसा हुआ है। यहां का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें एक बाघिन मां अपने 4 शावकों के साथ रोड पार करती हुई दिख रही है।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पेंच रिजर्व में लगातार बाघों का कुनबा बढ़ रहा है जो एक अच्छी खबर है।

सिवनी जिला पेंच टाइगर रिजर्व के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। यहां देश विदेश से पर्यटक घूमने आते हैं। पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी से 55 किलोमीटर दूर एनएच-44 में स्थित खवासा से 15 किलोमीटर अंदर पड़ता है। प्राकृतिक विविधताओं से संपन्न पेंच टाइगर रिजर्व ऐसी जगह है जहां पर बड़ी आसानी से पर्यटकों को बाघ नजर आ जाता है। बाघ के साथ-साथ यहां वन्य संपदा का भंडार है, जो पर्यटकों को काफी लुभाते हैं।

दरअसल, खवासा बफर जोन में सैलानियों को पेंच टाइगर रिजर्व में बड़ा ही दिलचस्प नजारा देखने को मिला। जिसे देख पर्यटकों के रोंगटे खड़े हो गए। पेंच नेशनल पार्क की शान कहलाने वाली बाघिन आई बी-2 अपने 4 शावकों के साथ नजर आई। इन शावकों की उम्र 2 माह बताई जा रही है, इस नजारे को पर्यटकों ने अपने कैमरे में कैद किया। ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मध्य प्रदेश ने सबसे ज्यादा 259 बाघों का कुनबा बढ़ाया है। टाइगर स्टेट के खिताब को बरकरार रखते हुए अब मध्य प्रदेश में बाघों की संख्या बढ़कर 785 हो गई है। चार साल में भारत में बाघों की संख्या 2967 से बढ़कर अब 3682 हो गई है। पेंच नेशनल पार्क में साल 2010 में इनकी संख्या 65, 2014 में 43, 2018 में 65 थी। वहीं साल 2022 में पेंच नेशनल पार्क में बाघों की संख्या बढ़कर 123 हो गई थी। सिवनी पेंच टाइगर रिजर्व ने मध्य प्रदेश में बाघों की संख्या बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। साल 2018 में पेंच लैंड स्केप में बाघों की संख्या 65 के करीब थी, जो अब बढ़कर 123 के पार हो गई है। बाघों की बढ़ती संख्या से पेंच प्रबंधन सहित वन अधिकारियों में उत्साह का माहौल है। बाघों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी को बेहतर प्रबंधन व पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था का नतीजा माना जा रहा है।

बेहतर प्रबंधन के लिए मिल चुका देश में स्थान इसका नतीजा था कि साल 2019 में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर बेहतर प्रबंधन के लिए पेंच राष्ट्रीय उद्यान को देश में दूसरा स्थान मिला था। जानकारी के मुताबिक पार्क क्षेत्र की 108 बीट में हर दिन 10 किमी नियमित पैदल गश्ती वनकर्मियों द्वारा की जाती है।

## पर्यटकों की पहली पंसद

सिवनी के पेंच टाइगर रिजर्व में लगातार जिस तरह बाघों की संख्या बढ़ रही है ये पर्यटकों की पहली पसंद बनते नजर जा रहा है। इससे सिवनी जिला भी अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। बढ़ते पर्यटन ने सिवनी में नए अवसरों का सृजन किया है। इससे यहां के लोगों को रोजगार भी मिलेगा और आर्थिक हालत में भी सुधार होगा ।

# दो कारों की भिड़ंत, पिता-पुत्र की मौके पर मौत, दस घायल

**जिला मुख्यालय से करीब 40 किमी दूर सिवनी-बालाघाट राजमार्ग पर बरघाट थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव में सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे दो कारों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में एक कार में सवार बालाघाट निवासी नितिन नेमा (43) और उनके बेटे अक्षांश (9) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं पत्नी और बड़ा बेटा गंभीर रूप से घायल है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।



दुर्घटनाग्रस्त दूसरी कार में सवार आठ घायलों का इलाज चल रहा है। सभी दस घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरघाट व जिला अस्पताल सिवनी में चल रहा है। नेमा परिवार नरसिंहपुर में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस बालाघाट लौट रहा था।

## 24 घंटे में दूसरा हादसा

वहीं बालाघाट से एक कार में सवार सात लोग जिले के बरघाट में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी बीच दोनों कार वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई। सिवनी-बालाघाट मार्ग पर 24 घंटे में यह दूसरा सड़क हादसा घटित हुआ है। रविवार शाम धरना के पास हुए एक सड़क हादसे में बाइक पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई थी।

## डंपर और कार की टक्कर में दो की मौत, चार घायल

सिवनीः जबलपुर मार्ग पर एनटीपीसी के पीछे वायपास मार्ग में सोमवार की दोपहर करीब 12.30 बजे तेज रफ्तार डंपर व कार की टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।वहीं कार में सवार दो लोगों की मौत हो गई।वहीं चार अन्य कार सवारों को मामूली चोंटे आई हैं, जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

कार में सवार होकर इतवारी से गोटेगांव जा रहे थे गोटेगांव में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शूटिंग कार्य के लिए फोटोग्राफरों की टीम में शामिल नागपुर इतवारी क्षेत्र के रहने वाले उदय पंचलवार, अभिषेक, तनमय, और पुनाल समेत गोटेगांव निवासी विकास पुत्र सुरेश चौधरी (55) व चालक किशन लाल (50) कार में सवार होकर इतवारी से गोटेगांव जा रहे थे। सोमवार को दोपहर दो करीब 12.30 बजे सिवनी के नगझर वायपास पर तेज रफ्तार डंपर से उनकी कार की टक्कर हो गई।

## टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए

कार में बैठे दो लोग बुरी तरह वहीं फंस गए, जिन्हें मशक्कत के बाद कार से निकाला जा सका।कार सवार सभी को जिला अस्पताल लाया गया। यहां डाक्टर ने जांच के बाद गोटेगांव निवासी विकास चौधरी व चालक किशनलाल को मृत घोषित कर दिया।कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।साथ ही मृतकों के स्वजनों को हादसे की जानकारी दी गई।कार सवार चार अन्य घायलों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

# धूमधाम से मनाया जायेगा हनुमान जन्मोत्सव

## सिद्ध पीठ बड़ा बगीचा वाले श्री हनुमान मंदिर में विशाल भंडारा आज

**छपारा।** नगर छपारा मे प्रतिष्ठित प्राचीन हनुमान मंदिर जो बडा बगीचा बाले दादा के नाम से प्रसिद्व है जहां छपारा नगर सहित आसपास क्षेत्र के लोग इस पावन स्थान पर आत्मिक श्रद्वा आस्था रखते है इस सिद्ध क्षेत्र मे हनुमानजी का चमत्कारी वर्चस्व है सच्ची श्रृद्धा भक्ति से जो भी भक्त बब्बा के दरबार में जो भी मन्नत करता है उस भक्त की मनोकामना त्वरित पूर्ण होती है। यह भी कहा जाता है कि हनुमानजी की उपासना से जीवन के सारे कष्ट मिट जाते है माना जाता है कि हनुमानजी एक ऐसे देवता है जो थोड़ी सी प्रार्थना और पूजा से शीघ्र ही प्रसन्न हो जाते है मंगलवार और शनिवार का दिन इनके पूजन के लिये सर्वश्रेष्ठ है। वहीं हिन्दू पंचाग के अनुसार पौष कृष्ण अष्टमी एवं चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को हनुमानजी की पूजन करना विशेष मायने रखता है यह दिन पौष कृष्ण



अष्टमी यानी हनुमान अष्टमी और चैत्र शुक्ल पूर्णिमा यानी हनुमान जयंती के नाम से भी जानी जाती है। इस प्राचीन मंदिर को भक्तगण अलग अलग नामों से पुकारते है अधिकांश भक्तगण दादा जी , बडे बब्बा कह कर अपनी अराधना करते है। हनुमान सेवा समिति ने हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर 23 अप्रेल को धूमधाम से मनाया जायेगा हनुमान मंदिर मे विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है जिसमें 22 अप्रेल को सुबह से अखण्ड रामायाण का पाठ प्रारंभ हो गया है एवं 23 अप्रैल की सुबह 04 बजे से हनुमान जी महराज का अभिषेक, विधि - विधान से पूजन अर्चन हनुमान जी का कीर्तन हवन का क्रम चालू रहेगा उसके बाद दोपहर 2.30 बजे से महाप्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारा होगा समिति ने समस्त भक्तजनो से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# निर्वाचन कार्य में अनुपस्थिति एवं लापरवाही बरतने को लेकर 9 कर्मचारियों को कलेक्टर ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने को लेकर कुल 09 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। विधानसभा क्षेत्र विधानसभा क्षेत्र लेखनादौन में पी-2 के रूप में पदस्थ किए गए प्राथमिक शिक्षक सुधाराम मर्सकोले प्राथमिका शाला बेलगांव, पी-3 के रूप में नियुक्त कोमलसिंह बागरे प्राथमिक शिक्षक नांदियाटोला विधानसभा क्षेत्र केवलारी में पदस्थ किए गए पी-1 के रूप में पदस्थ किए गए पटवारी गोकुल प्रसाद कुमरे, पी-3 के रूप में नियुक्त भृत्य शासकीय हाईस्कूल करनपुर शराजेश ठाकुर, पी-2 के रूप में पदस्थ दुर्गाप्रसाद इवाती, पी-1 के रूप में पदस्थ किए परसराम नागवंशी, सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला कहानी, पी-3 के रूप में पदस्थ किए गए अनिल पडराम, भृत्य कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कृषि लखनादौन को बिना पूर्व अनुमति अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये जाने पर निलंबित किया गया है। इसी तरह बरघाट विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक-133 में पी-3 के रूप में पदस्थ किए गए भृत्य दुर्गेश वर्मा को नशे की हालत में उपस्थित होने तथा सेक्टर अधिकारी से दुर्व्यवहार करने को लेकर निलंबित किया गया है, वहीं केवलारी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक-43 में पी-3 के रूप में पदस्थ किए गए शासकीय आईटीआई लखनादौन के सहायक ग्रेड-3 आकाश कुमार डेहरिया को सामग्री वापसी स्थल में व्ही व्ही पेड मशीन के लापरवाही पूर्ण प्रबंधन को लेकर निलंबित करनेके आदेश जारी किए गए हैं।

# अलग अलग सड़क हादसे में आधा दर्जन घायल, दो मृत

**जिले में अलग-अलग तीन हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला समेत छह घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

वहीं एक गंभीर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया। घटना पर संबंधित थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## कार ने पैदल व बाइक सवार को मारी टक्कर, एक मृत

शहर के मंगलीपेठ दादू धर्मशाला के सामने रविवार की दोपहर करीब 12 बजे तेज रफ्तार कार चाले ने पैदल सड़क पार कर रहे व्यक्ति के साथ बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो



गई जबकि एक घायल हो गया।सूचना पर पुलिस से कार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ घायल व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अज्ञपताल में भर्ती कराया।

## टक्कर मारने वाली कार महाराष्ट्र की, कार सवार फरार

कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया है कि रविवार को दोपहर मुख्य मार्ग पर दादू धर्मशाला के सामने कार व बाइक में टक्कर हो गई। इसमे दो लोग घायल हो गए।घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने पुलिस को दी। इसके बाद घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया।यहां डाक्टर ने बाइक सवार छिंदवाड़ा जिला के कपुर्दा निवासी आकाश पुत्र मुन्नालाल वर्मा (32) को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है की टक्कर मारने वाली कार महाराष्ट्र की है।बाइक को टक्कर मारकर कार सवार फरार हो गए।जिनकी तलाश की जा रही है।

डिवायडर के दूसरे ओर जाकर गिरा व्यक्ति

जानकारी के अनुसार कपुर्दा निवासी आकाश वर्मा मंगलीपेठ से आकर रोड बाइक से क्रास कर रहा था।उसकी बाइक के सामने से एक अन्य व्यक्ति पैदल रोड क्रास कर रहा था।जब वह सड़क के बीच पहुंचे तो छिंदवाड़ा चौक की ओर से कार में तेज रफ्तार आ रहे चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।इस हादसे में पैदल सड़क पार कर रहा व्यक्ति उचटकर डिवायडर के उस पास गिर गया।वह बाइक सवार भी सड़क पर गिर गया।जानकारी के अनुसार सिर पर चोट लगने के कारण बाइक सवार की मौत हो गई।

## डंपर ने बाइक सवारों को रौंदा, एक मृत

जिले के बरघाट थाना क्षेत्र के धारना में पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार डंपर के चालक ने बाइक में सवार चार लोगों को टक्कर मार दी।इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि बाइक सवार एक महिला समेत दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए।सूचना पर मौके पर पहुंची बरघाट पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल बरघाट में भर्ती कराया।वहीं डंपर को जब्त कर लिया।इस मासले में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## केकड़ई गांव से धारनाकला की ओर आ रहा था वाहन

बरघाट थाना प्रभारी मोहनिश बैस ने बताया है कि बाइक क्रमांक एमपी 50 जेडसी 9660 से लालबर्रा थाना के मौसमी गांव निवासी प्रेमलाल उर्फ निहाल पुत्र तोपराम राहंगडाले (25), बरघाट थाना के मउ गांव निवासी दीपांशु पुत्र गौरीशंकर चौधरी (12), लालबर्रा थाना के मौसमी गांव निवासी तोपराम पुत्र तेजराम राहगडाले (52) बरघाट थाना के केकड़ई निवासी खेलन बाई पति लिम्बाजी ठाकुर (55) के साथ केकड़ई गांव से धारनाकला की ओर आ रहा था।

## तेज गति व लापरवाही बन गई हादसे का कारण

डंपर क्रमांक बीआर 01 जीबी 7206 के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक डंपर चलाकर धारनाकला के पेट्रोल पंप के पास रोड मे सामने से बाइक को टक्कर मार दी।हादसे में मौके पर बाइक में बैठे दीपांशु चौधरी की मौत हो।वहीं प्रेमलाल उर्फ निहाल राहंगडाले, तोपराम राहंगडाले व खेलन बाई को घायल होने पर उपचार के लिए सिविल अस्पताल बरघाट पहुंचाया गया।यहां प्राथतिक उपचार के बाद घायलो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## बाइकों की भिड़त में दो घायल

जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में दो बाइक की आपस में भिड़त हो गई।यह हादसा मानक सर्रा गांव के पास शनिवार रात हुआ।हादसे में दो लोग गंभीर घायल हो गए।उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज जबलपुर रेफर कर दिया गया है।जानकारी के अनुसार शनिवार रात हुए हादसे में भागचंद कुलस्ते निवासी धनपुरा और रज्जू सरुते निवासी सियामउ घायल हो गए।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।पुलिस ने घटना पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।


# सिर्फ शराब से खराब नहीं होता लिवर मोटापा और डायबिटीज भी होते हैं जिम्मेदार

**अनियमित दिनचर्या और खानपान में लापरवाही के चलते इन दिनों लोगों को लिवर से संबंधित समस्या ज्यादा होने लगी है।**

वर्तमान जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता है। सिर्फ शराब के सेवन से लिवर खराब नहीं होता, डायबिटीज और मोटापा भी इसका जिम्मेदार है। लिवर हमारे शरीर का पावर हाउस होता है।

## लापरवाही के कारण हो रही लिवर की समस्या

अनियमित दिनचर्या और खानपान में लापरवाही के चलते इन दिनों लोगों को लिवर से संबंधित समस्या ज्यादा होने लगी है, ऐसे में लिवर संबंधी समस्याओं को समझना बेहद जरूरी है। कई लोगों




में यह गलत धारणा है कि सिर्फ शराब के सेवन से ही लिवर खराब होता है, लेकिन ऐसा नहीं है। बढ़ते मोटापे और डायबिटीज के कारण भी फैटी लिवर की समस्या होती है।

## समय-समय पर लिवर की जांच करवाएं

लिवर हमारे शरीर का पावर हाउस होता है, इसलिए लिवर की हेल्थ के प्रति सतर्क होना चाहिए। समय-समय पर अपना चेकअप जरूर करवाना चाहिए। कई लोगों के मन में यह आशंका होती है कि लिवर ट्रांसप्लांट होने पर वे पहले के ही तरह जीवन जी पाएंगे या नहीं, लेकिन लिवर ट्रांसप्लांट बेहद सुरक्षित होता है। वर्तमान में लिवर ट्रांसप्लांट की सफलता की दर भी करीब 90 फीसद है।

## खानपान और जीवनशैली में बदलाव करें

लिवर डोनर को भी चिंतित होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उनके शरीर में पुराने लिवर की जगह नया लिवर अपने आप बनने लगता है। हालांकि लिवर के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसलिए अपने खानपान और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव करें, ताकि लिवर खराब होने की आशंका न रहे। इस अवसर पर ट्रस्टों द्वारा संचालित गतिविधियों की भी जानकारी सांझा की गई।

# निःशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 25 से


## कबड्डी, नेटबॉल, वॉलीबॉल और टेबिल-टेनिस का हुनर सीखेंगे खिलाड़ी

**संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय के साथ-साथ समस्त विकासखंड मुख्यालय में भी किया जाना है.**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

विगत दिवस क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 25 अप्रैल से 25 मई तक 30 दिवसीय निःशुल्क आयोजित होगा।

इस संबंध में विकास खंड कुरई एवं बरघाट में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए कुरई सहित विकास खंड




बरघाट के प्रशिक्षण शिविर प्रभारी युवा समन्वयक श्री निकेश पदमाकर ने बताया कि जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमति मनु धुर्वे जी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में 05 वर्ष से लेकर 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक- बालिकाओं को प्रतिदिन प्रातः 06:00 बजे से 7:30 बजे एवं शाम 05:00 बजे से 7:00 बजे तक नियमित प्रशिक्षण प्रदान जायेगा. जिसमें विकासखंड कुरई में चयनित 02 खेलों में नेटबॉल का प्रशिक्षण श्री नरेन्द्र पवार (मोबाइल नंबर 8517912317), कबड्डी का प्रशिक्षण श्री जीत विश्वास (मोबाइल नंबर 9098028745) द्वारा अग्रणी पब्लिक स्कूल मैदान, तलाब रोड़ में प्रदान किया जाना हैं. इसी प्रकार विकासखंड बरघाट के लिए चयनित 02 खेलों में टेबिल-टेनिस का प्रशिक्षण श्री संदीप मिश्रा जी (मोबाइल नंबर 9425175826) द्वारा सामुदायिक भवन, नगर पंचायत परिसर पुलिस थाने के पास एवं वालीबॉल का प्रशिक्षण श्री धनेन्द्र पवार (8518945106) द्वारा प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी संबंधित खेल के प्रशिक्षकों से निःशुल्क पंजीयन फार्म प्राप्त कर प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते है प्रशिक्षण शिविर के संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए दिये गए मोबाइल नं. पर कॉल कर सकते है। समर कैंप में जाने वाले बच्चे स्मार्ट फोन, आइपैड जैसे गजट से दूर रहते हैं कैंप में आये अन्य बच्चों से उनकी मित्रता होती है. एक नयी सोच विकसित होती है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है. खेलकूद के जारिए बच्चों का शारीरिक व्यायाम भी हो जाता है और कुछ नया सिखाने को भी मिल जाता है। हमारे लिए भी यह एक सुअवसर है जहां हमे भी कबड्डी, नेटबॉल, वालीबॉल एवं टेबिल-टेनिस की बहुत सी छुपी प्रतिभाओं को खोजने का मौका मिलेगा।

# बाजार में बंद हो गए एक-दो रुपए के सिक्के, चिल्हर की जगह मिल रही चॉकलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

जिला मुख्यालय समते पूरे जिले में एक और दो रुपए की सिक्के चलन से बाहर हो गए हैं। व्यापारी एक-दो रुपए के सिक्के नहीं ले रहे हैं। अब स्थिति ये आ गई है, कि एक और दो रुपए के सिक्के बाजार में कम ही नजर आते हैं। इन सिक्कों के अघोषित रुप से बंद होने से ग्राहकों को चपत लग रही है। कोई भी खरीददारी करने पर एक-दो, तीन या चार रुपए वापस नहीं किए जा रहे हैं। उसके बदले या तो सामान या फिर चॉकलेट ग्राहकों को थमाई जा रही है।

## इसलिए दुकानदार सिक्के लेने से बच रहे

एक दुकानदार ने बताया कि उनके पास सिक्का आ रहे थे, लेकिन वे जब माल मंगाते हैं, तो उन्हें बड़े नोट देने पड़ते हैं। जिससे माल खरीदते हैं, वह सिक्का नहीं लेता। जब बैंक में सिक्का जमा कराने जाते हैं तो बैंक भी सिक्का लेने में आनाकानी करती है। ऐसे में सिक्कों का व्यापारी क्या करे, हमारे पास सिक्कों के ढेर लग जाते हैं, ऐसे में हमारी रकम जाम होने लगती है। इसलिए एक -दो रुपए के सिक्के लेने में परेशानी होती है। इसके अलावा नोटबंदी के बाद बाजार में सिक्के अधिक आए, जबकि पहले चिल्लर यानी खुल्ले पैसों का संकट रहता था। नोटबंदी के बाद आरबीआइ ने सिक्के बड़ी मात्रा में जारी किए, जिससे बाजार में चिल्लर ज्यादा आ गई। लेकिन बैंक चिल्लर को जमा करने में आनाकानी करते हैं, इसलिए दुकानदारों ने सिक्के लेना ही बंद कर दिया है।

**लोगों को यह हो रही परेशानी**

एक व दो रुपए के सिक्कों को दुकानदारों द्वारा न लिए जाने से लोगों को बड़े नोट देने पड़ रहे हैं और ज्यादा सामग्री भी खरीदनी पड़ रही है। ज्यादा सामग्री आने पर एक तरफ उनका बजट बिगड़ रहा है वहीं सामग्री भी खराब होती है। लोगों को एक से चार रुपए तक की सामग्री लेने के लिए 5 या दस का सिक्का खर्च करना पड़ रहा है, जबकि वास्तिविक खर्च की जरुरत उतनी नहीं है। जिनके पास एक व दो रुपए के सिक्के रखे हुए हैं, दुकानदारों द्वारा न लिए जाने से सिक्कों की रकम बेकार साबित हो रही है।

# केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश का जनसंपर्क दौरा



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सोमवार को होशांगाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के लोकप्रिय प्रत्याशी संजय शर्मा के समर्थन में नर्मदापुरम (होशांगाबाद) लोकसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार हेतु केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह का नर्मदापुरम (होशांगाबाद) लोकसभा क्षेत्र के ग्राम खुलरी,रमखिरिया,बटेसरा बुंदेसुर, करपगाँव,कनवास,खमरिया,बम्होरी, बधुवार,मोहद,बिनेर,आमगांव, इमलिया, कल्याणपुर मे आयोजित सभा के आयोजन में उपस्थित होकर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर नर्मदापुरम (होशांगाबाद) लोकसभा कांग्रेस के लोकप्रिय प्रत्याशी संजय शर्मा जी को अधिक मतो से विजय बनाने की अपील की।

दौरा कार्यक्रम मे साथ ही सभी जिला कांग्रेस/ब्लॉक/मंडलम/ सेक्टर/ बूथ कांग्रेस कमेटी बी.एल.ए. तथा युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, NSUI, तथा सभी प्रकोष्ठ एवं विभागों के अध्यक्ष गण, पदाधिकारी/कार्यकर्ताओं/वर्तमान व पूर्व निर्वाचित जनप्रतिनिधियों समेत कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### अकीदतमंदों ने देश-दुनिया और क्षेत्र की खुशहाली की मांगी दुआ

# सेलवा में सालाना उर्स का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी शहर से सटी ग्राम पंचायत सेलवा में हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करती हजरत बाबा दाता मुंडा शाह वली रहमतुल्ला अलैह की दरगाह में 22 अप्रैल को 44 वॉं सालाना उर्स शरीफ का आयोजन किया गया. 44 वें वार्षिक उर्स शरीफ में बोनकट्टा और यंग मुस्लिम कमेटी कटंगी की ओर से संदल निकाला गया. जिसने दरगाह पहुंचकर वली की मजार पर चादर पेश की और देश-दुनिया के साथ ही क्षेत्र अमन-चैन की दुआ मांगी. बोनकट्टा से शाही संदल सुबह करीब 11 बजे गांव का गश्त करने के बाद सेलवा दरगाह की तरफ आगे बढ़ा. जो शाम करीब 5 बजे कटंगी पहुंचा. यहां से शाम 7 बजे संदल दरगाह पहुंचा. वहीं यंग मुस्लिम कमेटी की ओर से निकाला गया संदल भी शहर का भ्रमण करने के बाद सेलवा की ओर रवाना हुआ. जहां अकीदतमंदों ने मकरीब की चादर पेश की. उर्स के मौके पर दरगाह में हर धर्म और मजहब को मानने वाले अकीदतमंदों ने सजदा किया. ऐसी मान्यता है कि सेलवा दरगाह में सभी की मांगी मुराद पूरी होती है. यही वजह है कि वली की दरगाह कौमी एकता की मिसाल हैं, जहां पर हर धर्म का व्यक्ति आस्था के साथ आता है और अपनी मुराद पूरी करके जाता है. सुबह से ही दरगाह में जायरीनों ने पहुंचकर जियारत करनी शुरू कर दी थी. हजरत दाता मुंडा शाह वली की दरगाह से जुड़े कई किस्से और कहानियां आज भी खुब सुनने को मिलती है. वली के मानने वाले कई ऐसे भी लोग है जिनका दरगाह से बेहद उमदा अनुभव है और इस अनुभव का साझा करते वक्त उनकी आंखें नम हो जाती है.

उर्स शरीफ के मौके पर सार्वभौमिक प्रेम और कौमी एकता व सौहार्द की प्रतीक सेलवा दरगाह में तकरीर के बाद सलातो सलाम पढ़ा गया. जिसके बाद देश में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई. उर्स के मुबारक मौके पर दरगाह में मुस्लिम अकीदतमंद के लिए पहुंचे तो हिन्दू भाई भी यहां जियारत करने के लिए आए. हर जायरीन अपने लिए कुछ न कुछ मांगने के साथ देश में अमन व खुशहाली की दुआ भी कर रहा था. उर्स के मुबारक मौके पर रात्रि में कव्वाली के प्रोग्राम का आयोजन हुआ. जिसमें राजस्थान कपासन शरीफ से आए कव्वालकार शब्बीर सदाकत साबरी ने ख्वाजा की खिदमत में कव्वाली पेश की जिसने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया. मौसम खराब होने के बावजूद उर्स में गोंदिया, भंडारा, नागपुर, बालाघाट, सिवनी सहित अन्य राज्यों और जिलों के लोग भी पहुंचे।

# रमरमा महोदव मंदिर में उत्पात मचाने वाले वन कर्मचारी निलंबित ; कब होगी एफआईआर, संगठन मौन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




वारासिवनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत रमरमा महोदव मंदिर में बीते रविवार रात्रि में डिप्टी रेंजर राजेन्द्र बिसेन वनपाल रविन्द्र लड़कर, वनपाल राजा मड़ावी, वनपाल अशोक परते के द्वारा शराब के नशे में उत्पात मचाते हुए तोड़-फोड़ करते हैं। विभागीय कार्यवाही के दौरान डी.एफ.ओ. मैडम मीरा मीश्रा के द्वारा चारों को निलंबित कर दिया गया है। चारों वन विभाग के कर्मचारी शराब के नशें में उत्पाद मचाते हैं, तोड़-फोड़ करते हैं और गाड़ी में बैठ कर चले जाते हैं। घटना की खबर लगते ही वारासिवनी विधायक विवेक पटेल तथा कटंगी विधायक गौरव पारधी, वारासिवनी टी.आई. तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी छत्रपाल जादौन घटना स्थल पर पहुंचते हैं। दो-दो विधायक होने के बाद भी शराब खोर वन कर्मचारी अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं हैं और धार्मिक संगठन इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग नहीं कर रहें हैं। चारो आरोपियों में एक-दो कर्मचारी अगर विशेष समुदाय से होते तो धार्मिक संगठन सहित जनप्रतिनिधि अभी तक सड़कों पर उतर कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगते। किन्तु 24 घंटे बीत जाने के बाद भी चारों आरोपियो पर पुलिस विभाग ने कार्यवाही नहीं की है।

**इनका कहना है**

हम पुलिस विभाग से मांग करते हैं कि चारों आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो तथा इनकी सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जायें।

**गौरव पारधी, विधायक, कटंगी**

वनमंडल अधिकारी दक्षिण सामान्य बालाघाट को विभागीय कार्यवाही तथा अन्य वैधानिक कार्यवाही के लिए पत्र लिखा गया हैं। वन विभाग से आदेश प्राप्त होते ही कार्यवाही की जाएगी।

**बीभेन्दु व्यंकट टांडिया थाना प्रभारी, वारासिवनी**

### हजारों की संख्या में सकल समाज ने मनाया भगवान महावीर का जन्मोत्सव

# भगवान महावीर भक्ति की संगीतमय संध्या में गूंजे तराने

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



21 अप्रैल को अहिंसा के अग्रदूत, दुनिया के लोगो को जियो और जीने दो, अहिंसा परमोधर्म का संदेश देने वाले जैन समाज के 24 वें तीर्थंकर, भगवान महावीर का 2623वां जन्मोत्सव पूरे जिले में भक्तिमय माहौल में मनाया गया।

मुख्यालय में भगवान महावीर की जयघोष के साथ नंगे पांव भगवान महावीर की पालकी को लेकर निकले श्रावकों के साथ चांदी के रथ पर सवार श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों सामाजिक बंधुओं और सकल समाज ने भगवान महावीर के जन्मोत्सव की खुशी मनाई। तो रात्रि में मुख्यालय के कृषि उपज मंडी में रायपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक अंकित लोढ़ा के सुरो से सजी भक्ति भजन संध्या में मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे, महावीर आएंगे...मेरे महावीर का भी साथ है, भक्ति का ले-ले मजा...शीश झुकाएगी यह भक्तो की बोलियां, बोलो जय-जय डेरा... सहित अन्य भक्ति गीतों ने पूरा शमां बांध दिया।

भक्ति गीतों पर सकल समाज के लोग स्वयं को भगवान महावीर की भक्ति में झूमने से रोक नहीं सके और पारिवारिक माहौल में झूमते हुए भगवान महावीर के जन्म की खुशी का आनंद मनाया। इस दौरान प्रमुख रूप से सोहन वैद्य, सुशील जैन, अजय लूनिया, संतोष जैन, डॉ. शिखरचंद चतुरमोहता, श्रेयांस वैद्य सहित हजारों की संख्या में सकल समाज उपस्थित था।

### सिद्धपीठ बजरंग घाट में मनाई जाएगी हनुमान जयंती

**बालाघाट।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मुख्यालय के प्राकृतिक वादियो में स्थित बजरंग घाट स्थित सिद्धपीठ बजरंग मंदिर में 23 अप्रैल को रामभक्त भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव पूरी श्रद्वा, आस्था और विश्वास के साथ मनाया जाएगा। तैराकी संघ पदाधिकारियों ने बताया कि रामभक्त श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर 23 फरवरी को प्रातः 05 बजे से हनुमान चालीसा का पाठ, प्रातः 07 बजे सुंदरकांड, प्रातः 11 बजे हवन, पूजन और आरती तत्पश्चात भक्तों के लिए महाप्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन किया गया है। जिला तैराकी संघ के सभी पदाधिकारियो ने भक्तों से भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव के धार्मिक कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# विश्व पृथ्वी दिवस गृह बनाम प्लॉस्टिक थीम पर स्पीक अप इवेंट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को स्पीक अप इवेंट एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में पर्यावरण हितैशी जीवन शैली को अपनाने के विषय में विद्यार्थियों से चर्चा की गई। हर साल 22 अप्रैल के दिन विश्व भर में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाया जाने का उद्देश्य लोगों के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं धरती को बचाने के लिए किया जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. सीमा श्रीवास्तव ने पृथ्वी को हरा भरा रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने तथा पृथ्वी को प्लास्टिक से मुक्त करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प लिया। इको क्लब प्रभारी अर्चना सोनी सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र ने बताया कि इस वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस की थीम गृह बनाम प्लास्टिक है। डॉ. पुष्पलता कमलेशिया विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र व डॉ रानू राहaनडाले प्रोग्राम ऑफिसर एनएसएस बालिका इकाई तथा डॉ. गजानन कटरे सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र के द्वारा विद्यार्थियों के समक्ष प्लास्टिक पॉल्यूशन से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

जैसे विश्व में हर साल 500 बिलियन प्लास्टिक बैग्स यूज किए जाते हैं। हर वर्ष 12 मिलियन टन प्लास्टिक समुद्र में छोड़ दिया जाता है। इस प्लास्टिक कचरे से समुद्री जीवन खतरे में आ जाता है] इस प्लास्टिक कचरे को डीकंपोज होने में 500 से 1000 साल का वक्त लगता है। गंभीर से गंभीर बीमारियों से लेकर क्लाइमेट चेंज तक का खतरा इस प्लास्टिक का उपयोग करने से बढ़ता ही जा रहा है। इस परिचर्चा कार्यक्रम में महाविद्यालय के 30 छात्र छात्राओं ने भाग लिया एवं अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### 2 मिनट का मौन धारण कर अनिल कुमार मेश्राम को दी श्रद्धांजलि

**बालाघाट।** कलेक्टर कार्यालय के अनिल कुमार मेश्राम का 18 अप्रैल को ह्रदय गति रुक जाने से देहांत हो गया था। उन्होंने 10 वर्ष तक कार्यालय में सेवा दी है। 40 वर्षीय अनिल अपने पीछे माँ दो पुत्री एक बहन और पत्नी को छोड़ गए है। वार्ड-13 करुणा नगर के निवासी स्व. श्री अनिल कुमार को कलेक्टर कार्यालय के समस्त विभागों द्वारा सोमवार को 2 मिनट का मौन धारण रखकर पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विशिष्ट संस्थाओं अंतर्गत कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा तिथि 28 अप्रैल घोषित

**बालाघाट।** विशिष्ट संस्थाओ (कन्या शिक्षा परिसर, आदर्श आवासीय विद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय) में कक्षा 6वी की प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को 11 बजे से 01 बजे तक आयोजित की गई है। जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार इस परीक्षा के आयोजन के लिये क्रमशः उत्कृष्ट विद्यालय बैहर शाउमावि गढी, शा. हाईस्कूल कन्दई, शा उत्कृष्ट विद्यालय बिस्सा, शास.हाईस्कूल मछूरदा, शाउमावि मानेगांव, शाउमावि मलांजखण्ड, शास. हाईस्कूल सोनगुड्डा, शा. उत्कृष्ट विद्यालय परसवाड़ा, शाउमावि उकवा, शा. हाईस्कूल बोदा, शा. कन्या उ.मा.वि परसवाड़ा, बैहर, गढी, बिरसा एवं शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित विद्यालय क्रमशः शा. उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट, शा.आदर्श उ.मा.वि. लामता, शाउमावि लाजी, शा रादुउमावि बालाघाट को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है।

### बाल हनुमान जी की निकलेगी पालकी यात्रा, मंदिरों में होंगे कई धार्मिक आयोजन

# आज धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले में आज 23 अप्रैल को हनुमान जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भगवान हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ ही भंडारा का आयोजन होगा।

23 अप्रैल हनुमान जयंती पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रीराम मंदिर ट्रस्ट और विहिप के मार्गदर्शन में हनुमान भक्त मंडली व जनता की ओर से नगर के काल पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर में सुबह 5.30 बजे हनुमान जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम के बाद हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए सुबह 6.30 बजे बाल हनुमानजी की पालकी यात्रा निकाली जाएगी।

जो हनुमान मंदिर से होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी। जिसमें भक्तगण, भगवान की पालकी को कांधा देकर पुण्यलाभ अर्जित करेंगे। तो सायंकाल 06 बजे त्रिपुर सुंदरी मंदिर से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी त्रिपुर सुंदरी मंदिर से हनुमान जी का स्वरूप निकाला जाएगा। जिस स्वरूप को साधक आकाश रंगलानी धारण करेंगे।

सुबह 8.30 बजे पुराना श्रीराम मंदिर में भगवान हनुमान को चोला चढ़ाने के बाद साधक आकाश रंगलानी, काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर में चोला चढ़ाएंगे। जिसके बाद सायंकाल 6 बजे वीर बजरंगी का स्वरूप धारण कर नगर के काली पुतली चौक से मेन रोड होकर नए श्रीराम मंदिर पहुंचेगे। जहां से काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर में पूजन के बाद वापस त्रिपुर सुंदरी मंदिर जाएंगे।

दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर का 12 वां स्थापना दिवस और हनुमान जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम मुख्यालय के प्राचीन कृष्ण मंदिर के समीप निवासरत शर्मा परिवार के बुजुर्ग भंवरलाल शर्मा की ओर से 12 वर्ष दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर की 24 अप्रैल को स्थापना की गई थी।

जिसके बाद से प्रतिवर्ष मंदिर का स्थापना दिवस शांतिदेवी भंवरलाल शर्मा, कंवरलाल शर्मा, जयश्री शर्मा और पोते पुरूषोत्तम शर्मा द्वारा मनाया जाता है, यह संयोग है कि इस वर्ष दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस हनुमान जयंती पर पड़ रहा है। जिसको लेकर शर्मा परिवार हनुमान जयंती और मंदिर के द्वादश स्थापना दिवस मनाने जा रहा है।

पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि हनुमान जयंती पर प्रातः 5.30 बजे हनुमान जन्मोत्सव पर दक्षिणमुखी हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना के बाद सायंकाल 07 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया। यहां नागपुर के भजन गायक हर्ष जी शर्मा एंड पार्टी द्वारा भगवान हनुमान भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

जबकि मंदिर के दो दिवसीय स्थापना दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल को हवन के बाद भक्तों, को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। दक्षिमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती और महाप्रसाद कार्यक्रम में सभी भक्तों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील पुरूषोत्तम शर्मा ने की है।

### ई-दक्ष केंद्र में नवनियुक्त पटवारियों का प्रशिक्षण जारी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार ई-गवर्नेस सोसाइटी अंतर्गत ई-दक्ष केंद्र नवनियुक्त पटवारियों का प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। जिन्हे केंद्र में भू-अभिलेख विभाग के सहयोग से पांच समुहों में बांटकर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कम्प्युटर प्रशिक्षण अंतर्गत समस्त पटवारियों को एडवांस एम एस ऑफिस अंतर्गत दस्तावेज तथा शीट बनाना,मेल मर्ज, मैक्रो का उपयोग, नोटशीट फार्मेटिंग, स्पेल्लिंग करेक्शन, इन्टरनेट एंड ई-मेल अंतर्गत डाउनलोड करना, मेल भेजना, गूगल ड्राइव का उपयोग करना ऑनलाइन भुगतान साइबर सुरक्षा आदि महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा केंद्र शासन के महत्वपुर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम कमिट (कंपरेन्सिव ऑनलाइन मॉडिफाइड मॉड्यूल्स फ़ॉर इंडक्शन ट्रेनिंग) अंतर्गत प्रशिक्षण भी करवाया जायेगा। जिसमें कुल 15 आनलाईन कार्यक्रम निर्धारित है तथा जिसे उत्तीर्ण करने पर अभ्यर्थियों को आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के सहयोग से प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे ।

ई-दक्ष केंद्र में पटवारियों को कंप्यूटर व्यावहारिक एवं हिंदी टाइपिंग (भू-अभिलेख प्रबंधन, राजस्व न्यायालय के प्रकरणों संबंधी सॉफ्टवेयर, आर.सी.एम.एस., मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का ऑनलाइन क्रियान्वयन, फसल ई-गिरदावरी, सारा मोबाइल एप्लीकेशन तथा राजस्व विभाग से सम्बंधित अन्य सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में ईको क्लब द्वारा 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 40 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

पोस्टर प्रतियोगिता का विषय गृह बनाम प्लास्टिक था, तथा विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही उत्सुकता से प्रतियोगिता में सहभागिता दी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत में इको क्लब प्रभारी डॉ. त्रिरत्नेश गजभिये द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस मनाने के उद्देश्यों और इसके इतिहास पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि हर साल 22 अप्रेल को यह दिवस मनाया जाता हैं। जिसका उद्देश्य लोगों के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं धरती को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करना है, साथ ही इस वर्ष की थीम गृह बनाम प्लास्टिक पर व्याख्यान दिया गया व बताया कि प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करे और जो भी प्लास्टिक उपयोग में आये, उसकी आकर्षण उपयोगी सामग्री बनाकर पुनः उपयोग करे।

कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें प्रो एस0 डी0 तिरपुड़े, डॉ सत्यशील गेडाम, डॉ. तृप्ति सोनवे, डॉ राकेश चौरे, नरेन्द्र डोंगरे उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन ईको क्लब प्रभारी डॉ त्रिरत्नेश गजभिये द्वारा लाइफ लाइन शपथ लेकर किया गया।

### मौसम ने फिर ली करवट : आसमान में छाए बादल, लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत

# भीषण गर्मी से मिली राहत, मौसम विभाग ने जारी किया बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले सहित सभी तहसीलों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह 11 बजे के बाद धूप तेज होने के कारण लोग घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं. इस भीषण गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल हो रखा है. इसी बीच मौसम विभाग के नए अपडेट से थोड़ी राहत मिलती नजर आ रही है. आपको बता दें मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में मौसम में बदलाव की संभावना जताई है. ऐसे में गर्मी में कुछ राहत मिलने की उम्मीद जगी है. मौसम विभाग की माने तो भारत मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल, से जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञानं केंद्र बालाघाट को प्राप्त 5 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,बालाघाट जिले में दिनांक 23-24 को मध्यम बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश के साथ तेज़ हवा की गति , वज्रपात की संभावना रहेगी। अधिकतम तापमान 39.5 से 41.3 डिग्री सेलिसियस तथा न्यूयनतम तापमान 19.8 से 20.8 डिग्री सेलिसियस तथा सुबह हवा में 52 से 58 प्रतिशत तथा दोपहर में 34 से 39 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है । आने वाले दिनो में हवा कि गति लगभग 8 से 13 किलो मीटर प्रति घंटे दक्षिण पूर्व से उत्तर पश्चिम दिशा में रहने ने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2-3 दिन मौसम ऐसा ही रहने वाला है।

**झमाझम बारिश ने बदला मौसम, उमस भरी गर्मी से मिली राहत**

बढ़ती गर्मी व तपिश से लोगों को सोमवार को राहत मिली। पिछले दो दिनों से छेत्र के लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल लग रहे थे। सुबह से लेकर दोपहर तक लोग भीषण गर्मी का अनुभव कर रहे थे। बारिश के बाद लोगों को राहत मिली। सोमवार को सुबह से आसमान हल्के बादलों ने डेरा डाल लिया, साथ ही दिन भर रुक रुककर बारिश हुई लेकिन, उमस भरी गर्मी से आमजन को राहत मिली। शाम होते ही तेज हवा के साथ झमाझम बारिश होना शुरू हो गई, जिसके बाद उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को राहत मिल गई। मौसम सुहाना हो गया और लोग घरों के बाहर गली-मोहल्लों की सड़कों पर व घरों की बालकोनी पर मौसम का आनंद लेते दिखाई देने लगे। वहीं देर शाम तक आसमान पर बादल छाए रहे, इस वजह से रात को फिर एक बार बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। तापमान में हो रहा उतार-चढ़ाव से सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा।

# पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट के चार विद्यार्थियों का युविका में हुआ चयन

**बालाघाट।** इसरो द्वारा प्रायोजित युविका 2024 के लिये पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट की छात्रा कुमारी धान्या कावड़े, कुमारी आरुषि जैन, कुमारी यामिनी ठाकुर एवं छात्र क्षितिज पवार युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम के अंतर्गत सतीश धवन स्पेस सेंटर श्री हरिकोटा हेतु चयनित हुए हैं। विद्यालय के प्राचार्य श्री पंकज कुमार जैन, जबलपुर संभाग के उपायुक्त श्री डीआर मीणा तथा जिला बालाघाट के जिलाधीश डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों की इस सफलता पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया है। मध्य प्रदेश से कुल 10 छात्रों का चयन हुआ, जिसमें कुल पाँच छात्र बालाघाट जिले से चयनित हुए हैं। जिसमें एक अन्य छात्र भास्कर राउत जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी से चयनित हुए हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उभरते रुझानों के बारे में जागरूकता पैदा करना है, जो हमारे देश के भावी निर्माण की आधारशिला हैं। विद्यालय परिवार पुनः शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।